अमर उजाला 18/08/2022

# जी.एम.एन. कालेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




*कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य।* (देवदत्त)

अम्बाला छावनी, 17 अगस्त (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में भारतीय स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कालेज में एन.सी.सी. कैडेट्स ने परेड का प्रदर्शन किया। कालेज प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और इसके बाद राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य ने परेड का अवलोकन करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी।

प्राचार्य वी.के. जैन ने ढूंढ लो आसमां, ढूंढ लो यह जमीं, मेरे देश जैसा देश, कहीं भी नहीं, लाइनों के साथ विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स की पीपिंग सैरेमनी भी हुई, जिसमें एन.सी.सी. ब्यॉज विंग के इंचार्ज कैप्टन डा. एस.एस. नैन और गर्ल्स विंग की इंचार्ज अनुपमा सिहाग ने कैडेट्स का हौंसला बढ़ाया।